प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 17.05.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रदेश में भीषण गर्मी का दौर बना हुआ है। बढ़ते तापमान के साथ ही गर्म हवाओं ने लोगों को झुलसा दिया है। पश्चिमी जिलों में दिन का तापमान 45 डिग्री के आस–पास बना रहने से जनजीवन पर व्यापक असर पड़ा है। मौसम विभाग के अनुसार कल से शुरू हुए लू के नये दौर के आगामी एक सप्ताह तक जारी रहने की संभावना है। जयपुर, भरतपुर और कोटा संभाग के कुछ हिस्सों में अधिकतम तापमान 43–45 डिग्री सेल्सियस दर्ज होने तथा कहीं–कहीं लू चलने का पूर्वानुमान है। जोधपुर, बीकानेर संभाग में आगामी 2 दिन 25 से 30 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से आंधी चल सकती हैं। इस बीच प्रदेश में बीते 24 घंटों के दौरान सर्वाधिक तापमान श्रीगंगानगर में 46 दशमलव 3 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया। वहीं बाडमेर में 46, फलौदी और जैसलमेर में साढे पैंतालीस, चूरू, जालौर तथा पिलानी में दिन का तापमान 45 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया। बढती गर्मी के चलते राज्य के पर्यटन स्थल भी सूने दिखाई दे रहे है। उदयपुर में तापमान के 41 डिग्री से ऊपर पहुंच जाने पर सड़के और बाजार सुनसान दिखाई देने लगे है। इसी तरह जैसलमेर में भी बाजारों में सन्नाटा पसरा दिखाई दे रहा है।

....

चूरू जिले के सेहवा में पुलिस ने एक ट्रक में अवैध रूप से ले जाये जा रहे 1700 किलो डोडापोस्त को जब्त किया है। इस संबंध में दो लोगों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि डोडापोस्त को चित्तौडगढ से तस्करी कर पंजाब ले जाया जा रहा था। बरामद डोडापोस्त की कीमत ढाई करोड़ रूपये आंकी जा रही है। नागौर जिले के पोटलिया मांजरा गांव में पुलिस ने एक खेत में दबिश देकर आठ क्विंटल से अधिक डोडा पोस्त जब्त कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। बरामद मादक पदार्थ का मूल्य करीब सवा करोड़ रूपये है।

....

मुम्बई के घाटकोपर इलाके में पिछले दिनों आंधी के दौरान होर्डिंग गिरने से 16 लोगों की मौत के मामले में वांछित आरोपी को पुलिस ने आज उदयपुर के एक रिसोर्ट से गिरफ्तार किया। मुम्बई पुलिस के विशेष दस्ते ने दबिश देकर होर्डिंग लगाने वाली कंपनी एगो मीडिया प्राईवेट लि. के निदेशक को पकड़ा। आरोपी हादसे के बाद से फरार चल रहा था।

....

बारां में अवैध खनन को लेकर कल दो पक्षों में विवाद हो गया। इस दौरान एक पक्ष की ओर से चलाई गई गोलियों से एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि बदमाशों की पहचान कर धरपकड की जा रही है।

....

शाहपुरा जिले में अटल भूजल योजना के तहत करवाये कामों का भौतिक सत्यापन करने के लिए नई दिल्ली से राष्ट्रीय कार्यक्रम प्रबंधन की टीम पहुंची। टीम के सदस्यों ने आमलीकलां और तहनाल गांवों का दौरा कर पाईप लाईन ड्रिप फव्वारा और फार्म पॉन्ड कार्यो का अवलोकन किया।

....

स्वास्थ्य विभाग की ओर से शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत जैसलमेर में आज कई प्रतिष्ठानों की जांच की गई। विभाग के दल ने खाद्य विक्रेताओं, होटलों और रेस्टोरेन्टों पर कार्यवाही कर नमूने लिये। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि इस दौरान 12 खाद्य पदार्थो के नमूने लेकर जांच के लिए भिजवाये गये।

....

दौसा जिला अस्पताल में आज स्वास्थ्य विभाग और खाद्य विभाग की टीम ने औचक निरीक्षण किया। टीम के सदस्यों ने अस्पताल में लेबोरेट्री, ब्लड बैंक और सर्जिकल वार्ड सहित विभिन्न चिकित्सा इकाईयों का निरीक्षण किया। दल ने अनुपस्थित रहने वाले कार्मिकों को फटकार लगाई और आपातकालीन ईकाई में अव्यवस्था मिलने पर सुधार के लिए अस्पताल प्रभारियों को निर्देश दिए।

....

पुष्कर को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के लिए पुष्कर कॉरीडोर बनाया जायेगा। उज्जैन की तर्ज पर विकसित किये जाने वाले इस कॉरीडोर में क्षेत्र के मंदिरों और संस्कृति को दिखाया जायेगा। इस संबंध में अजमेर विकास प्राधिकरण की तकनीकी टीम उज्जैन जायेगी और वहां का निरीक्षण कर जिला प्रशासन को प्रोजेक्ट रिपोर्ट देगी।

....

आज विश्व हाईपरटेंशन डे है। आज भारत के साथ दुनियाभर में तनाव और उच्च रक्तचाप से संबंधित बीमारियों के रोगी निरंतर बढ रहे है।यह दिन इस बीमारी की रोकथाम और इसके प्रति जागरूकता के लिए मनाया जाता है। राज्य में विभिन्न संगठनों की ओर से हाईपरटेंशन दिवस पर कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। पाली के बांगड अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम में चिकित्सकों ने लोगों को संयमित जीवनशेली जीने और समय–समय पर स्वास्थ्य परीक्षण करने को आगाह किया। इस दौरान स्वास्थ्य शिविर भी लगाया गया। जयपुर में भी कई अस्पतालों की ओर से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाये गये है।

....